बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र सं०-जन संपर्क- 26/2016- /वि०स० ।

प्रेषक,

सुनील कुमार

अवर सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक, **हिन्दुस्तान,** हिन्दी दैनिक, बिहार, पटना ।

विज्ञापन व्यवस्थापक, **प्रभात खबर,** हिन्दी दैनिक, बिहार, पटना ।

विज्ञापन व्यवस्थापक, **दैनिक जागरण,** हिन्दी दैनिक, बिहार, पटना ।

विज्ञापन व्यवस्थापक, **दैनिक भाष्कर,** हिन्दी दैनिक, बिहार, पटना ।

विज्ञापन व्यवस्थापक, **दि टाईम्स ऑफ इंडिया,** अंग्रेजी दैनिक, बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक- मार्च, 2016 ई० ।

विषय:- राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, बिहार शाखा से संबंधित सूचना का विज्ञापन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विज्ञापन सामग्री संलग्न करते हुए निदेशानुसार सूचित करना है कि इसे आप बिहार से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र के सभी संस्करणों में दिनांक-31.03.2016 के अंक में निम्नलिखित शर्त्तों के अधीन प्रकाशित करने की कृपा करें :-

(1) इस विज्ञापन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित डी०ए०वी०पी० दर से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार सरकार में निहित प्रावधान के तहत भुगतान होगा,

(2) विज्ञापन 12 से०मी० X 12 से०मी० आकार में रंगीन स्वरूप में हूँ-ब-हूँ होना चाहिए,

(3) विज्ञापन प्रकाशन के सात दिनों के अंदर विज्ञापन अंक के साथ विपत्र की तीन प्रतियाँ प्रथम प्रति पर रसीदी टिकट साटकर सभा सचिवालय को निश्चित रूप से भेज दें,

(4) विज्ञापन प्रकाशन के तत्काल बाद विज्ञापन अंक की प्रति सभा सचिवालय को भेज दें,

(5) अपने समाचार पत्र के लिए निर्धारित डी०ए०वी०पी० दर से संबंधित पत्र की प्रति विपत्र में अवश्य संलग्न की जाय ;

(6) अन्य भाषा में विज्ञापन प्रकाशन के लिए अधिक मूल्य देय नहीं होगा ।

विश्वासभाजन

ह०/-

(सुनील कुमार)

अवर सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या:- जनसंपर्क- 26/2016 1330 /वि०स०, पटना, दिनांक- 28 मार्च, 2016 ई० ।

प्रति:- अवर सचिव, श्रव्य एवं दृश्य इकाई, बिहार विधान सभा, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है कि संलग्न विज्ञापन को विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को बिहार विधान सभा की वेबसाईट पर अपलोड कराने संबंधी कार्रवाई करने की कृपा की जाय ।

28.03.16

(सुनील कुमार)

अवर सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

बिहार विधान सभा सचिवालय

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, बिहार शाखा

सूचना

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के निर्णय के आलोक में संघ के बिहार शाखा द्वारा दिनांक **02 अप्रैल, 2016** को **राष्ट्रमंडल दिवस** मनाया जायेगा। इसी दिन संघ के **बिहार शाखा की सामान्य वार्षिक बैठक 11:00 बजे पूर्वा०** में **बिहार विधान सभा उपभवन सभागार** में होगी। उक्त बैठक के उपरान्त **कैंसर जागरूकता** विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसमें इस विषय के विशेषज्ञ अपना विचार रखेंगे तथा माननीय सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे। तत्पश्चात **माननीय सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से रुग्ण एवं जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान** किया जायेगा।

अतः संघ के आप सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि यथा निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर इस कार्यक्रम में भाग लेने की कृपा करें।

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा
एवं
सचिव, राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, बिहार शाखा, पटना